प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में की द्विपक्षीय वार्ता, दोनों देश रक्षा क्षेत्र में सहयोग की पांच वर्षों की रूपरेखा बनाने पर सहमत।

- मुख्यमंत्री ने करीब पांच सौ करोड़ रूपये की लागत वाली सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का किया शिलान्यास, 27 पंचायत के एक लाख लोगों को मिलेगा इसका लाभ।

- कर्मचारियों के लंबित भुगतान से जुड़े बीस वर्ष पुराने मामले में सर्वोच्च न्यायालय में सशरीर पेश हुए मुख्य सचिव, न्यायालय ने तीन सदस्यीय कमिटी बनाने का दिया निर्देश।

और

- साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, गिरिडीह और कोडरमा से अठारह साइबर अपराधी गिरफ्तार।

और अब समाचार विस्तार से

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच आज नई दिल्ली में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुडे विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने दोनों देशों के बीच नजदीकी और ऐतिहासिक संबंधों को और आगे बढाने के तौर–तरीकों पर विचार–विमर्श किया। दोनों पक्षों के बीच प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता भी हुई। इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर विचार–विमर्श हुआ, जिनमें व्यापार और निवेश, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, विकास सम्बंधी साझेदारी, उच्च शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी सम्बंध शामिल हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास किया। इस योजना के निर्माण पर करीब पांच सौ करोड़ रुपए खर्च आयेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के शुरू हो जाने से देवघर और जामताड़ा जिले के चार प्रखंड की 27 पंचायत में रहनेवाले लोगों को लाभ होगा। श्री सोरेन ने कहा कि सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना इस क्षेत्र के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर मंत्री बादल और हफीजुल हसन समेत स्थानीय विधायक मौजूद थे।

*******************

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मिजोरम में सात नवम्बर को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा, जबकि छत्तीसगढ में दो चरणों में सात नवम्बर और 17 नवम्बर को मतदान होगा। वहीं मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे, जबकि राजस्थान में 23 नवम्बर को मतदान होगा। उधर तेलंगाना में 30 नवम्बर को एक ही चरण में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पांचों राज्यों में मतों की गिनती तीन दिसम्बर को करायी जाएगी।

*******************

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक कमलेश सिंह ने कहा है कि पलामू में बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से अवैध ढुलाई का कारोबार जोर–शोर से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द बालू घाटों की नीलामी नहीं होती है तो पार्टी राज्य में बड़ा आंदोलन करेगी।

*******************

ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने आज राजधानी रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए और उन्हें त्वरित निष्पादन का भरोसा दिलाया।

*******************

विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद में बीएड नामांकन के तीसरे चरण के बाद भी बड़ी संख्या में सीटें खाली रह गई हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

राज्य के मुख्य सचिव आज सर्वोच्च न्यायालय में सशरीर उपस्थित हुए। सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें पिछले 20 वर्षों से कर्मचारियों के बकाये वेतन देने से संबंधित मामले में तलब किया था। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने मुख्य सचिव को मामले के समाधान के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। इस तीन सदस्यीय कमेटी में झारखंड, बिहार और केंद्र सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी शामिल होंगे। कमेटी सर्वोच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट देगी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के क्रम में आज सरायकेला और खरसावां विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री मरांडी ने राज्य सरकार के कार्यों की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रही है। श्री मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ वर्षों के कार्यकाल में जन कल्याणकारी योजनायें देश के गरीबों को समर्पित रहा है।

*******************

हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने आज रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चार सड़कों का शिलान्यास किया। इन सड़कों का निर्माण करीब 20 करोड़ रूपये की लागत से किया जाएगा। इस दौरान रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

*******************

गिरिडीह पुलिस ने नौ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने इन साइबर अपराधियों के पास से 16 मोबाइल, 25 सिम कार्ड, 4 एटीएम, 6 पासबुक, 2 चेकबुक, 3 क्यू आर कोड और 2 मोटरसाइकिल बरामद किया है।

*******************

इधर कोडरमा पुलिस ने भी 9 साइबर अपराधियों तिलैया थाना क्षेत्र के गांधी स्कूल रोड से गिरफ्तार कर करीब पैंतीस हजार रुपए नगद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो दर्जन से अधिक मोबाइल फोन और लेन देन के कई दस्तावेज बरामद किये गये हैं।

*******************

<u>और अब संक्षिप्त खबरें</u>

- राज्यपाल सी०पी० राधाकृष्णन से आज सांसद सुनील सोरेन ने राज भवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सिद्धो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की समस्याओं की ओर राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराया।
- मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के शिवाला रोड स्थित शिव मंदिर से चोरी गई भगवान कृष्ण की मूर्ति एक महीने बाद बरामद कर ली गयी है।

********समाप्त********